भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 524

उत्तर देने की तारीख 16 सितम्बर, 2020

भारतीय डाक भुगतान बैंक

524. श्री कृष्ण पाल सिंह यादव :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय डाक भुगतान बैंक सेवा प्रदान करने की कोई योजना तैयार की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार, शिक्षा तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की सेवाएं सभी ग्रामीण क्षेत्रों सहित देशभर में उपलब्ध कराई जा रही हैं, जोकि तकनीकी व्यवहार्यता के अध्यधीन हैं।

(ख) आईपीपीबी की कुल 650 शाखाएं/नियंत्रण कार्यालय हैं (देश के प्रत्येक जिले में लगभग एक)। आईपीपीबी ने 1.36 लाख डाकघरों (ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित 1.10 लाख डाकघरों सहित) को काउंटर पर बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराने में सक्षम बनाया है। साथ ही, द्वार पर बैंकिंग की सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से 1.8 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों को स्मार्ट फोन तथा बायोमीट्रिक उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं।

****